# खेत पर काम कर रहें भाइयों पर हमला

## पहले से चल रहा है जमीनी विवाद, ग्रामीणों को आता देख आरोपी हुए फरार

- दोनों भाइयों की हालत गंभीर, मेरठ किया रेफर
- आरोपियों के खिलाफ थाने में दी तहरीर, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दी दबिश





अस्पताल में घायल दोनों भाई उपचार कराते।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना क्षेत्र के कुशवाली गांव में रविवार सुबह जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। खेत पर काम कर रहे दो सगे भाइयों पर गांव के ही कुछ लोगों ने धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बन गया।

पीड़ित सोनू व धर्मवीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रविवार सुबह अपने भाई अभिषेक के साथ खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोग, जिनसे उनका पुराना जमीन विवाद चल रहा है, वहां पहुंच गए। पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते आरोपियों ने धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। हमलावरों ने दोनों भाइयों पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। ग्रामीणों ने दोनों घायलों को तत्काल सरधना सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेरठ जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डाक्टरों के अनुसार दोनों को गहरे घाव आए हैं और उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। एसएसआई वीरेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बाबा औघड़नाथ शिव मंदिर से निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बाबा औघड़नाथ शिव मन्दिर में वार्षिक एवं होली उत्सव के उपलक्ष में रविवार को ठाकुर जी की एक भव्य शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से निकाली गई। जिसका प्रथम तिलक डॉ. रामकुमार एवं उनके पुत्र राहुल गुप्ता बागपत रोड के द्वारा किया गया। यात्रा मेंहदी ठाकुर जी का डोला आकर्षण का केंद्र रहा तो काली का अखाड़ा, महाकाल ढोल और नपीरी बैंड ने भी अपनी तरफ आकर्षित किया। शोभा यात्रा में भजन मण्डली के द्वारा राधा-गोविन्द के भजनों का गुणगान जैसे होरी खेल रहे नन्दलाल, मथुरा की कुंज गली में, मेरा खो गया बाजूबंद रसिया होरी में, आज ब्रिज में होरी रे रसिया, मोहे होरी में कर गया तंग होरी का रसिया, राधा रानी का गूंजे जयकारा आदि भजनों ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। शोभा यात्रा बाबा औघड़नाथ शिव मन्दिर प्रांगण से अन्नपूर्णा मन्दिर, बालाजी मन्दिर, टंकी मोहल्ला, काली माई मन्दिर, सदर सर्राफा बाजार, सदर दाल मण्डी, गंज बाजार, फव्वारा चौक, आबूलेन, शिव चौक, बॉम्बे बाजार से होती हुई मन्दिर पर समाप्त हुई।

# एचपी पेट्रोल पंप से पेट्रोल भराकर बिना भुगतान फरार, चौथी बार हुई घटना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** मेरठ-करनाल हाईवे स्थित भूनी पुलिस चौकी से करीब 200 मीटर दूर एचपी पेट्रोल पंप पर शनिवार देर रात एक बिना नंबर प्लेट की बलेनो कार चालक टंकी फुल कराने के बाद बिना भुगतान किए टोल प्लाजा की ओर फरार हो गया। घटना से पेट्रोल पंप कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कर्मचारियों ने तत्काल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन कार सवार हाथ नहीं लग सके।

पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने रविवार सुबह थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि इससे पहले भी तीन बार इसी तरह की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनकी लिखित शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। थाना प्रभारी गौरव सिंह ने तहरीर प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है। टोल प्लाजा से मिली जानकारी के आधार पर कार का नंबर HR 42बी 1807 सामने आया है। पुलिस आरटीओ कार्यालय से वाहन स्वामी की जानकारी जुटाकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की बात कह रही है।



### मामूली कहासुनी ने लिया हिंसक रूप...

# लावड़ में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, लोहे की रॉड से हमला

- महिला सहित तीन घायल, दोनों पक्षों ने पुलिस चौकी में दी तहरीर
- डाक्टरों ने गंभीर घायलों को मेरठ किया रेफर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** इंचौली थाना क्षेत्र के कस्बा लावड़ में रविवार सुबह मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच शुरू हुई कहासुनी ने अचानक खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया, जिसमें एक पक्ष की महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्षों ने लावड़ पुलिस चौकी में एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कस्बा लावड़ के जलालपुर रोड निवासी मोनिका पत्नी मोनू सैनी घर के बाहर साफ-सफाई कर रही थीं। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली अंज. ेश पत्नी राजपाल से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि कहासुनी के दौरान गाली-गलौज शुरू हो गई और देखते ही देखते मारपीट होने लगी। मोनू सैनी का आरोप है कि जब वह और उनके पिता ओमप्रकाश सैनी बीच-बचाव करने पहुंचे तो राजपाल तथा उनके पुत्र ऋतिक, गिरीश और दीपक ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में मोनू, उनकी पत्नी मोनिका और उनके पिता ओमप्रकाश घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए दौराला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की हालत गंभीर देखते हुए मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया। इस संबंध में दोनों पक्षों ने लावड़ पुलिस चौकी में तहरीर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## जिप अध्यक्ष गौरव चौधरी के पिता व पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनिल में हुई कहासुनी

- शादी समारोह में हुआ था दोनों का आमना-सामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** जानी क्षेत्र में राजनीतिक दो नेताओं के बीच एक मामला रविवार को क्षेत्र में गर्माया जहा जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी के पिता और पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल चौधरी एक शादी समारोह में आपस मे भिड़ गए और दोनो ने जमकर एक दूसरे को सुनाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर मीरपुर जखेड़ा मार्ग पर शनिवार की दोपहर को एस एस गार्डन में सगाई समारोह चल रहा था तभी वहां पर दोनों नेता पहुंच गए जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी के पिता महकार सिंह और पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल चौधरी शादी समारोह में बैठे थे तभी न जाने किसी बात को लेकर उनमें कहासुनी हो गई । जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी के पिता ने आरोप लगाया कि पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल चौधरी ने उनके साथ गाली गलौज की और हाथापाई की उधर अनिल चौधरी ने भी पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी के पिता पर आरोप लगाया कि उनके सुरक्षाकर्मी और अन्य व्यक्तिंयों ने कहा कि अगर तू अबकी बार चुनाव में उतरा तो तेरे परिवार को। और तुझे मार दिया जाएगा। वहीं इस घटना के बाद राजनीतिक माहौल क्षेत्र में गरमा गया और शगाई समारोह में हलचल मच गई। जिसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी के पिता ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है और पूर्व ब्लाक प्रमुख ने भी गौरव चौधरी के पिता के खिलाफ तहरीर दी है। फिलहाल मामला गरमाया हुआ है हालांकि दोनों नेता अपने अच्छे व्यवहार के बारे में जाने जाते है। लोगों में इस बात की चर्चा है कि आखिर ऐसा क्या हुआ जो दोनों के बीच इतनी कहासुनी हुई और मामला पुलिस तक पहुंच गया वहीं सिवालखास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार ने कहा की मामले की जांच पड़ताल की जा रही है शादी समारोह में जो घटना हुई है उसकी सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। पुलिस अपनी ओर से जांच कर रही हैं फुटेज देखने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

# देव नागरी महाविद्यालय में सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन नारी सशक्तिकरण पर रहा फोकस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के गांधी स्मारक देव नागरी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई बालिका वर्ग के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन का मुख्य विषय नारी सशक्तिकरण रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार व ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुनेंद्र त्यागी ने कहा कि आज महिलाओं को समानता का अधिकार दिया जा चुका है महिलाएं हर क्षेत्र में पुरूषों से आगे हे वहीं सरकार भी उनके सम्मान व सुरक्षा में वचनबद्ध है। महिलाएं रात में भी कहीं आ जा सकती है उनकी सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हुए है। थाने की महिला डेस्क प्रभारी दरोगा आरती यादव ने स्वयं सेविकाओ को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं को पूरी तरह शक्ति प्रदान कर उन्हें दृढ़ विश्वास के साथ रहना सिखाया जा रहा है। महिलाएं या युवती अपने साथ किसी भी तरह का अपराध होने पर हेल्पलाइन नंबर का प्रयोग करें साइबर ठगी के प्रति जागरूक हो ओर लोगों को भी जागरूक करें। जगह-जगह नंबर लिखे हुए हैं उसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि स्वयं सेविकाए अपने माता-पिता व गुरू जनों का नाम रोशन करें यही आपकों अपने से ऊंचा उठना देखना चाहते हैं। दरोगा शिवम राय ने भी स्वयं सेविकाओं को संबोधित किया। इस मौके पर पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसे सभी ने सराहा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिता देवी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर उषा त्यागी, रीता त्यागी, विकास आदि रहे।



# अखंड भारत स्वतंत्र पार्टी की हुंकार रैली आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** क्षेत्र के गांव महल में स्थित गुनगुन फार्म हाउस पर अखंड भारत स्वतंत्र पार्टी के तत्वाधान में हुंकार रैली आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बुद्ध प्रकाश सैनी ने व संचालन सुभाष ने किया। मुख्य अतिथि अखंड भारत स्वतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सैनी राजवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि सैनी, कश्यप, प्रजापति, पाल समाज आदि अति पिछड़े गरीब वर्ग के द्वारा भाजपा को 98 प्रतिशत वोट देने के बावजूद भी इन जातियों के लोगों को सत्ता में हिस्सेदारी नहीं दी गई। सरकार ने आरक्षण में छेड़छाड़ करके गरीब अति पिछड़ों का अधिकार छीना। अखंड भारत स्वतंत्र पार्टी आपके अधिकारों को दिलवाने के लिए संघर्ष कर रही है।

इसलिए अंगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में अखंड भारत स्वतंत्र पार्टी उत्तर प्रदेश की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। प्रदेश अध्यक्ष चिरंजीव सैनी ने अपने संबोधन में कहां की हमें जातिवाद को खत्म करके संगठित रहना होगा क्योंकि मौजूदा सरकार ने अति पिछड़े गरीब जाति के लोगों को संख्या के आधार पर राजनीति में हिस्सेदारी नहीं दी गई। जिनकी संख्या प्रदेश में 9 प्रतिशत है।

**पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल, थाने पर किया प्रदर्शन**

# चोरी की बढ़ती वारदातों से लोगों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** थाना क्षेत्र में पिछले दो महीनों के भीतर दर्जनों चोरी की घटनाओं ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। लगातार हो रही वारदातों के बावजूद पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई न होने से चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में शायद ही कोई ऐसी वस्तु बची हो, जिसे चोरों ने निशाना न बनाया हो। भैंस चोरी, समरसेबल और ट्यूबवेल की मोटर चोरी, घरों से कीमती सामान की चोरी और यहां तक कि मंदिरों से पीतल के घंटे तक चोरी कर लिए गए हैं।

ताजा मामला ग्राम झुड़ी माफी का है, जहां 21 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 2:30 बजे गांव स्थित शिव मंदिर से पीतल का घंटा चोरी कर लिया गया। ग्रामीणों द्वारा थाना सैदनगली में दी गई तहरीर के अनुसार, आरोप है कि एक युवक ने मंदिर से घंटा चोरी कर उसे हसनपुर क्षेत्र में एक कबाड़ी को बेच दिया। मामले की लिखित शिकायत पुलिस को सौंप दी गई है और विधिक कार्रवाई की मांग की गई है।



ग्रामीणों का कहना है कि बीते दो महीनों में दर्जनों चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस अब तक केवल एक मामले का खुलासा कर पाई है, वह भी समरसेबल के केबल चोरी का। बाकी घटनाओं में न तो किसी की गिरफ्तारी हुई है और न ही चोरी गया सामान बरामद हो सका है। इससे क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। चोरी की लगातार घटनाओं से गांवों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण रात-रात भर जागकर अपने घरों और पशुओं की रखवाली करने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो चोरों के हौसले और बढ़ेंगे तथा क्षेत्र की कानून-व्यवस्था पर विपरीत असर पड़ेगा। अब देखना यह होगा कि उच्च अधिकारी इस गंभीर स्थिति का संज्ञान लेकर सख्त कदम उठाते हैं या फिर क्षेत्र में चोरी की वारदातें इसी तरह जारी रहती हैं। फिलहाल सैदनगली थाना क्षेत्र में ग्रामीण खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और पुलिस से त्वरित व ठोस कार्रवाई की उम्मीद लगाए बैठे हैं

## सुरेन्द्रपाल को समाजशास्त्र में पीएचडी की उपाधि



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जेएस हिन्दू डिग्री कालेज में कार्यरत सुरेंद्र पाल सिंह को समाजशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय से भारत में आधुनिकीकरण की प्रक्रिया एवं ग्रामीण महिलाएं: जनपद अमरोहा के विशेष संदर्भ में एक समाजशास्त्रीय अध्ययन विषय पर शोध पूर्ण किया। उनका शोध कार्य गुलाब सिंह हिन्दू (पीजी) कॉलेज चांदपुर के प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिजनों, गुरुजनों व महाविद्यालय परिवार को दिया। इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं।

## श्रीराम कथा के दूसरे दिन देखने को मिला भक्ति और श्रद्धा का अनुपम संगम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** क्षेत्र के ग्राम पीरपुर में चल रही श्रीराम कथा के द्वितीय दिवस पर कथा पंडाल में भक्ति और श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिला। आचार्य शांतनु महाराज ने प्रवचनों में कहा कि जब-जब इस धारा पर असुरों के अत्याचार बढ़ते हैं, तब-तब प्रभु अवतार लेकर भक्तों को उनके संताप से मुक्त करते हैं।

महाराज ने कहा कि भगवान की सगुण लीलाओं को तर्क से नहीं, बल्कि भक्ति और अटूट विश्वास से सुनना चाहिए। तर्क का स्थान वहां नहीं, जहां आस्था का प्रकाश स्वयं मार्गदर्शन करता हो। उन्होंने भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि प्रभु के अवतार के अनेक दिव्य कारण हैं। देवताओं की करुण पुकार सुनकर भगवान ने आश्वासन दिया कि वह नर रूप में धरती पर अवतरित होंगे। यह सुनकर देवगणों में हर्ष की लहर दौड़ गई और संपूर्ण अयोध्या प्रभु आगमन की प्रतीक्षा में राममय हो उठी। गोस्वामी द्वारा वर्णित अयोध्या की महिमा का भावपूर्ण गायन करते हुए महाराज ने प्रभु श्रीराम के जन्म की तिथि का वर्णन किया। कथा के इस प्रसंग पर पंडाल श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा। श्री राम कथा के मुख्य यजमान भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशीष प्रताप सिंह रहे। कथा सुनने के लिए भीड़ उमड़ी। इस दौरान पर नितिन शर्मा, अमित, राजेश, बबलू, जयवीर, रविंद्र आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को किया हाउस अरेस्ट



## राहुल का पुतला फूंकने वालों पर कार्रवाई की मांग

**अमरोहा।** राहुल गांधी का पुतला दहन करने वालों पर कार्रवाई न होने पर कांग्रेसियों ने भाजपा नेताओं का पुतला दहन करने व विरोध प्रदर्शन को लेकर पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को घर पर ही नजरबंद कर दिया। विवाद की शुरुआत 21 फरवरी को हुई, जब भाजपा युवा मोर्चा के कुछ पदाधिकारियों ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हुए उनका पुतला दहन किया। इसके विरोध में कांग्रेस ने उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। कार्रवाई न होने की स्थिति में कांग्रेस ने गांधी मूर्ति पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का पुतला दहन करने और जिले के ब्लॉक, नगर व मंडल स्तर तक विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी थी।

# श्रद्धानन्द जयंती पर यज्ञ में दी आहूतियां

## आर्य समाज मन्दिर में यज्ञशाला का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** स्वामी श्रद्धानन्द जयन्ती पर आर्य समाज मन्दिर में भव्य यज्ञशाला का आयोजन किया गया। आर्य समाज के प्रांगण में स्थित भव्य यज्ञशाला में आर्य जनों की उपस्थिति में वैदिक यज्ञ अनुष्ठान आचार्य सोमेश कुमार शास्त्री जी के ब्रहमत्व में संपन्न हुआ। यज्ञ में ईश्वर स्तुति स्वस्तिवाचनम शांति करणम महामृत्युंजय मंत्र एवं देश मे खुशहाली व समाज के कल्याण के लिए आहुतियां प्रदान की गई। समाज में सुख शांति समृद्धि स्वास्थ्य दीर्घायु यश वैभव एवं पर्यावरण की शुद्धि की कामना की गई। इस अवसर पर वेदों के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया। इस अवसर पर महर्षि दयानंद द्वारा रचित अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का वाचन यशवंत सिंह, आर्य समाज के नियम राघव अग्रवाल एवं संगठन सुक्त सुभाष दुआ द्वारा प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर प्रधान नत्थू सिंह

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड संख्या 446709853687 में मेरा नाम SHAKEEL ANWAR तथा पासपोर्ट में मेरा नाम SHAKIL ANWAR SIDDIQUI दर्ज है। उक्त दोनों नाम मेरे ही है। -शकील अनवर पुत्र श्री तजम्मुल हुसैन निवासी 138-2ए, नई शांति नगर, मेरठ, उत्तर प्रदेश।

# मन की बात कार्यक्रम का सामुहिक श्रवण



## चेयरमैन के आवास पर जुटे भाजपाई

**मंडी धनौरा।** रविवार को नगर पालि. का अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल के आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया गया। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने टीवी पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखा और ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम का माहौल शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण रहा। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए राष्ट्र निर्माण, समाज सेवा, स्वच्छता, जनभागीदारी और सामाजिक जागरूकता से जुड़े विचारों को गंभीरता से सुना। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, युवाओं की भूमिका और देश की तरक्की को लेकर दिए गए संदेशों पर चर्चा भी हुई। उपस्थित लोगों ने कहा कि मन की बात जैसे कार्यक्रमों से आम जनता को प्रेरणा मिलती है और देश के लिए कुछ करने का भाव जागता है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम से देशवासियों को नई सोच और दिशा मिलती है।

# कांग्रेस की मानसिकता सनातन और राष्ट्र विरोधीः मनुपाल

## एआई समिट में कांग्रेस के प्रदर्शन के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका कांग्रेस का पुतला





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एआई समिट में कांग्रेस के प्रदर्शन के विरोध में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के राष्ट्र वंदना चौक पर कांग्रेस का पुतला फुंका। जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल ने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता सनातन और राष्ट्र विरोधी है।

दिल्ली में आयोजित की गई एआई समिट में कांग्रेस ने इसके विरोध में प्रदर्शन कर विरोध किया था। भाजपा ने युवा कांग्रेस के विरोध को शर्मनाक बताते हुए देश की छवि खराब करने की साजिश बताया। इसके विरोध में रविवार को भाजपा किसान मोर्चा के कार्यकताओं ने भाजपा कार्यालय से राष्ट्रीय वंदना चौक तक जुलूस निकालकर कांग्रेस पार्टी का पुतला फूंका। भाजपा जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल के नेतृत्व में कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय से जुलूस के रूप में राष्ट्र वंदना चौक पहुंचे। जहां उन्होंने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी कर कांग्रेस का पुतला फूंका। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मानसिकता राष्ट्र विरोधी और सनातन विरोधी है। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नितिन चौधरी, सुनील मेवला, अक्षय तोमर, सौरभ, सुनील दीक्षित, ममता प्रजापति मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग की ओर से मलेरिया के मरीजों के बनाए जाएंगे कार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से मलेरिया के मरीजों के कार्ड बनाए जाएंगे। इस कार्ड पर मरीजों का पूरा ब्योरा दर्ज होगा। साथ ही कार्ड पर दवा लेने के बाद मरीज को टिक का निशान लगाना होगा। आशा मलेरिया की पुष्टि होने पर मरीज के घर की विजिट कर दवा के सेवन की जानकारी देकर कार्ड पर अपने हस्ताक्षर भी दर्ज करेंगे।

जिला मलेरिया अधिकारी सावित्री ने बताया कि मलेरिया की पुष्टि होने पर मरीज को 14 दिन का कोर्स करना अनिवार्य होता है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मलेरिया के मरीजों का पूरा कोर्स कराने के लिए उनका मलेरिया कार्ड जारी किया जाएगा। कार्ड पर मरीज का नाम, स्थान, पता, मोबाइल नंबर दर्ज होगा। वही कार्ड के दूसरी ओर 14 दिन तक ली जाने वाली दवा का विवरण अंकित होगा। मरीज को दवा लेने के बाद प्रतिदिन कार्ड पर टिक का निशान लगाना होगा। मरीज में मलेरिया की पुष्टि होने पर विभाग की आशा तीन विजिट कर मरीज को दवाई के बारें में जानकारी देगी और कार्ड पर अपने हस्ताक्षर भी अंकित करेगी। विभाग की ओर से आशा को विजिट करने के लिए दो सौ रुपए प्रोत्साहन के रूप में उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मलेरिया कार्ड से मरीजों की पहचान करने और पूरा इलाज उपलब्ध कराने में आसानी होगी। सभी स्वास्थ्य केंद्रों, उपकेंद्रों पर आने वाले बुखार के मरीजों की जांच में मलेरिया की पुष्टि होने के बाद चिकित्सक की ओर से मरीज का मलेरिया कार्ड जारी किया जाएगा। चिकित्सक और सीएचओ मरीज का मलेरिया कार्ड जारी करने के बाद उनका पूरा विवरण दर्ज करेंगे और मरीज को दवाई लेने के विवरण के बारें में पूरी जानकारी भी देंगे।

## पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की घटना किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव के यमुना नदी किनारे पर राधा कृष्ण मंदिर में 29 जनवरी की रात में मंदिर के गेट का ताला तोड़कर मंदिर में रखा दान पात्र चोरी हो गया था।

दान पत्र में रखी पूरी नगदी चोरी कर ली थी जिसमें थाना छपरौली पर चोरी की 1 फरवरी को मंदिर के पुजारी लोकेश शर्मा पुत्र रामकुमार शर्मा ने तहरीर दी थी। चोरी की घटना का खुलासा करने की मांग को लेकर श्रद्धालुओं व कश्यप समाज के लोगों ने मंदिर परिसर में धरना भी दिया था। पुलिस लगातार इस घटना का खुलासा करने को लगी हुई थी। आखिरकार पुलिस ने घटना का खुलासा कर ही दिया। पुलिस ने घटना का सफल अनावरण करते हुए जागौश गांव निवासी आरोपी रविंदर उर्फ मंगू पुत्र ब्रह्मपाल सिंह को शनिवार की देर शाम गिरफ्तार कर लिया है जिसके कब्जे से चोरी किया गया दान पत्र और नगदी भी बरामद कर ली गई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक छपरौली आशीष पुंडीर ने बताया कि इसमें जो भी और दोषी होगा उसको भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस प्रशासन जिम्मेदारी के साथ छपरौली क्षेत्र में कार्यरत है।



## ट्रक नें बाईक सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें पर सरफाबाद गांव के समीप एक बाईक सवार को अज्ञात ट्रक नें टक्कर मार दी जिसमे बाईक सवार युवक की मौकें पर ही मौत हो गयी। पुलिस नें मौकें पर पहुंच शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा है।

रावली गाजियाबाद निवासी 20 वर्षीय उमंग पुत्र संजीव गाजियाबाद के ही मोरटा साहनी में किसी प्राईवेट कम्पनी में जाब करता था। शनिवार रात वह कम्पनी से वापस अपने गांव रावली आ रहा था जिससे वह ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वें पर बाईक से गाजियाबाद से कुड़ली की और जा रहा था जब वह सरफाबाद के समीप पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन से उसकी टक्कर हो गयी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही एक्सप्रेस-वें कर्मी मौकें पर पहुंचे लेकिन जब तक युवक दम तौड़ चुका था। सूचना मिलते ही चांदीनगर पुलिस भी मौकें पर पहुंच गयी और मृतक की पहचान करायी और उसके काग. जात देखकर उसके परि. जनों को सूचना दी। वही पुलिस नें शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलते ही परि. जनों में कोहराम मच गया। गांव के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मे लगे है।



मृतक का फाइल फोओ

## स्वयंसेवकों ने किया विविध योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के जनता वैदिक कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम एवं तृतीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस का शुभारंभ अत्यंत उत्साह, अनुशासन एवं सकारात्मक ऊर्जा के साथ हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रात:कालीन वेला में वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य गायत्री मंत्र एवं योगाभ्यास से किया गया। कार्यक्रम अधिकारी अमित नागर एवं डा. अमृत कुमार गुप्ता के कुशल निर्देशन में स्वयंसेवकों ने विविध योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया, जिससे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं आत्मबल में वृद्धि हुई।




योग सत्र के उपरांत स्वयंसेवकों द्वारा शिविर स्थल की स्वच्छता सुनिश्चित करते हुए जन-स्वच्छता का प्रेरक संदेश दिया गया। तत्पश्चात दिन की निर्धारित थीम-स्वास्थ्य एवं योग, जन-स्वच्छता जागरूकता तथा सड़क सुरक्षा के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने जागरूकता संबंधी आकर्षक नारे एवं पम्पलेट तैयार किए। इसके बाद पटेल नगर कॉलोनी एवं डूडा कॉलोनी में प्रभात फेरी निकालकर हस्वस्थ जीवन का आधार-योग और स्वच्छता, स्वच्छता अपनाएं, बीमारी भगाएं तथा सड़क सुरक्षा-जीवन की सुरक्षा जैसे प्रभावशाली नारों के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया। स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर स्वच्छ परिवेश बनाए रखने, नियमित योगाभ्यास करने तथा यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। दोपहर में आयोजित बौद्धिक सत्र में डा.मुकेश कुमार ने जन-स्वच्छता जागरूकता विषय पर सारगर्भित व्याख्यान दिये एवं डा.तारकेश्वर नाथ तिवारी ने सड़क सुरक्षा विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग तथा यातायात नियमों के पालन की अनिवार्यता पर बल दिया। सांयकालीन सत्र में स्वयंसेवकों ने विभिन्न टोलियाँ बनाकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। देशभक्ति गीत, लघु नाटक एवं प्रेरक प्रस्तुतियों के माध्यम से सामा. जिक संदेशों का प्रभावी प्रसार किया गया। इसी क्रम में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजय, विनय, अंकित, निशांत, तनुज, पंकज आदि की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसके लिए उन्हें विशेष रूप से सराहा गया।

## रोटरी इंटरनेशनल के क्लब द्वारा इंटरसिटी कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** रोटरी इंटरनेशनल के बड़ौत क्लब द्वारा, इंटरसिटी कार्यक्रम का आयोजन, आज बड़ौत में होने जा रहा है।

सोमवार को यह इंटरसिटी कार्यक्रम नगर के पास स्थित, वाजिदपुर के ग्रैंड रिजॉर्ट में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के रोटरी के सभी मेंबर्स के साथ, कुछ प्रशासनिक अधिकारी एवं न्यायपालिका से भी अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। रोटरी इंटरनेशनल के क्लब के इमेज चेयरपर्सन प्रभात कुमार जैन ने बताया, कि इस कार्यक्रम में सुबह 9 बजे सदस्य एवं मेहमान आने शुरू हो जाएंगे, जिनका स्वागत करने के बाद जलपान कराया जाएगा। दोपहर में लंच के बाद 4 बजे के बाद यह कार्यक्रम सम्पन्न होगा। इस कार्यक्रम के चेयरमैन आलोक अग्रवाल, सेक्रेटरी राजन शर्मा हैं। रोटरी के वर्तमान अध्यक्ष गौरव चौधरी और सेक्रेटरी अखिल जैन हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य, रोटरी की पब्लिक इमेज को बढ़ाना, आपसी दोस्ताना व्यवहार, जानना पहचानना, मान सम्मान, संवाद स्थापित करना है। आज सन्तोष ज्वैलर्स पर इस कार्यक्रम के विषय में वृहद चर्चा हुई और पूरी रूपरेखा तैयार की गई। चर्चा में आलोक अग्रवाल, नीरज गुप्ता, राजन शर्मा, गौरव चौधरी, संजय जैन रहे।



## बच्चों के झगड़े में पिता को पीटा, पुलिस से की शिकयत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** थाना क्षेत्र के नंगला बढ़ी गांव में बच्चों के मामूली विवाद ने बड़ों के बीच मारपीट का रूप ले लिया। इस घटना में एक पिता को पीटा गया, जिसके बाद उसने पुलिस को तहरीर देकर आरा. ेप लगाया है। यह घटना 22 फरवरी 2026 की सुबह करीब 9 बजे हुई।

गांव निवासी सुहेल पुत्र अख्तर ने खेकड़ा थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसका बच्चा पड़ोस के बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर बच्चों में कहासुनी और झगड़ा हो गया।



सुहेल का आरोप है कि जब वह बच्चों की लड़ाई छुड़ाने के लिए मौके पर पहुंचा, तो पड़ोसी बच्चों के परिजनों ने उसे पकड़कर अपने घर में खींच लिया। आरोप है कि घर के अंदर सुहेल के साथ लात-घूंसों और डंडों से मारपीट की गई, जिससे उसे काफी चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने सुहेल को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी खेकड़ा भेजा है। खेकड़ा थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जाएगी, उन्होंने सुहेल को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## ईट भट्टा श्रमिक की संदिग्ध हालत में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ईंट भट्टा श्रमिक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसका शव घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस का मानना है कि पत्नी से विवाद होने पर श्रमिक ने जान दी है, हालांकि सही पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चलेगा।

मुजफ्फरनगर के ग्राम शाहडब्बर के मूलनिवासी 26 वर्षीय शाकिर पुत्र हाशिम का परिवार करीब 30 साल पहले ग्राम निवाड़ा में आ गया था। वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ग्राम निवाड़ा की इंदिरा काला. ेनी में परिवार से अलग रखता था। वह बिहारीपुर गांव के निकट स्थित भट्टे पर ईंट भराई का कार्य करता था। उसके चाचा हारुण का कहना है कि शाकिर शनिवार शाम करीब तीन बजे अचानक गायब हो गया था, तलाश करने के बावजूद कही पता नहीं चला था। रविवार सुबह इंदिरा कालोनी स्थित घर में छत के कुंदे पर रस्सी से उसका शव लटका मिला। उस समय उसकी पत्नी और बच्चे भट्टे पर थे। वहीं पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच कर शव को कब्जे में लिया। दोपहर को पोस्टमार्टम के बाद पीड़ित स्वजन ने युवक के शव को सिपुर्द-ए-खाक किया। उधर कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार का कहना है कि प्राथमिक जांच में सामने आया कि शाकिर का अपनी पत्नी से किसी बात पर विवाद हुआ। इसी के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या की है। हर बिंदु पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



मृतक का फाइल फोटो

**पहली पत्नी की मौत होने पर किया था दूसरा निकाह**

स्वजन के मुताबिक शाकिर की पत्नी की करीब चार साल पहले मृत्यु हो गई थी, जिसके दो बेटी और एक बेटा हैं। करीब तीन साल पहले शाकिर ने दूसरा निकाह किया था।

## एक नजर

### शेरगढ़ क्षेत्र में साइबर शातिरों के पांच गांव में पुलिस की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** गोवर्धन के बाद रविवार सुबह शेरगढ़ क्षेत्र में साइबर शातिरों की तलाश में पांच गावों में 15 थाना पुलिस और पीएसी बल द्वारा घेराबंदी कर छापेमारी की। पुलिस ने करीब तीन दर्जन से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लेकर इनके आपराधिक इतिहास की जानकारी कर रही है। एसएसपी श्लोक कुमार के निर्देशन में दिसंबर माह में गोवर्धन में की गई साइबर शातिरों में चार गांव में छापेमारी करवाई के बाद अब एसपी देहात सुरेश चंद्र रावत और एसपी क्राइम अवनीश मिश्रा के नेतृत्व में 15 थाना पुलिस और पीएसी बल के साथ रविवार तड़के शेरगढ़ के पांच गांवों की घेराबंदी करके घरों में दबिश दी गई। पुलिस की इस कार्रवाई से आसपास के ग्रामीणों में दहशत फैल गई वहीं पुलिस टीम में करीब तीन दर्जन से अधिक संदिग्धों को हिरासत में लिया है। कई ठग पुलिस टीम देख कर भागने में कामयाब हो गए। अभी तक में पुलिस की कार्रवाई अभी जारी है। इस दौरान काफी मोबाइल एटीएम लेपटॉप व अन्य साधनों को भी बरामद किया है। बताते दें कि गत दिसंबर माह 25 में की छापेमारी में 37 शातिरों की गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। दस शातिरों पर 25कृ25 हजार रुपए ईनाम घोषित किया गया था। एसपी देहात ने बताया कि अभी करवाई जा रही है।

### गोवर्धन में विवाहिता लाखों की नगदी व जेवर लेकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** जनपद के गोवर्धन थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपनी पत्नी पर लाखों रुपये की नकदी और लाखों के जेवर लेकर फरार होने का आरोप लगाया है। युवक ने इस संबंध में उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मथुरा से लिखित शिकायत की है। आरोप है कि शादी के छह महीने बाद पत्नी अचानक घर से चली गई। गोवर्धन थाना क्षेत्र के अडींग गांव में एक महिला घर से करीब 2 लाख 50 हजार रुपये नकद, चांदी की पायल–पाजेब और सोने की अंगूठी लेकर चली गई। नीरज मजदूरी कर परिवार का भरण–पोषण करता है। घटना 15 फरवरी की है, जिसकी शिकायत पीड़ित ने 22 फरवरी को अडींग चौकी में दी। पीडित नीरज ने बताया कि आरोपी महिला लगभग छह महीने तक उसके साथ पत्नी के रूप में घर में रही। आरोप है कि एक दिन जब घर पर कोई नहीं था तब घर से चली गई। नीरज ने बताया कि उसने हाल ही में एक प्लॉट बेचा था, जिसकी करीब 3 लाख रुपए की रकम घर में रखी थी। पत्नी के घर से जाने के बाद घर से यह नकदी और सोने–चांदी के आभूषण गायब मिले। पीड़ित नीरज ने बताया उनकी पत्नी घर छोड़ने के बाद उन्हें इंस्टाग्राम कॉल के माध्यम से पत्नी का फोन आया। कॉल पर पत्नी ने साफ कहा कि वह अब वापस नहीं आएगी। पत्नी ने यह भी कहा कि "तुम चाहे कुछ भी कर लो, मैं नहीं आऊंगी। अगर तुमने कोई कार्रवाई की तो मैं तुम्हें उल्टा फंसा दूंगी।"

### होली व रमजान के दृष्टिगत खाद्य विभाग की टीम ने चलाया अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिलाधिकारी, मथुरा के निर्देशानुसार आगामी त्योहार होली व रमजान के दृष्टिगत जनपद मथुरा में आम जनमानस को स्वच्छ व गुणवत्तायुक्त खाद्यध्पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोहर सिंह कुशवाह द्वारा गोवर्धन तहसील में मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया गया तथा अवमानक होने के संदेह पर सोंख के पास जानमपट्टी से सोन पापड़ी और मिल्क केक के नमूने लिए गए। तहसील महावन में अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरूण कुमार एवं रीना शर्मा द्वारा छौली गांव स्थित खोया निर्माण इकाईयों का निरीक्षण किया गया। चार खोया निर्माण इकाईयों से खोए के एक–एक नमूनें संग्रहित किए गए तथा दो निर्माण इकाईयों में अस्वच्छकर परिस्थितियों में संग्रहित लगभग एक क्विंटल दूषित खोया नष्ट कराया गया और सुधार नोटिस जारी किए गए। राया कस्बा स्थित दूध डेयरी से पनीर का एक नमूना लिया गया तथा परिसर में गंदगी पाए जाने पर सुधार नोटिस दिया गया। उक्त संग्रहित सभी सात नमूनें जांच हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी। विभाग द्वारा खाद्य कारोबारकर्ताओं को अपने प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थ की रेट लिस्ट लगाने, खाद्य पदार्थों को ढककर रखने, आस–पास स्वच्छता बनाये रखने एवं प्रतिष्ठानों पर ढक्कनदार डस्टबिन प्रयोग करने हेतु निर्देशित किया गया। यदि कोई खाद्य कारोबारकर्ता मिलावटी खाद्यध्पेय पदार्थ विक्रय करते पाया जाता है तो उसके विरूद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अन्तर्गत नियमानुसार सुसंगत धाराओं में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## कृषि विभाग की टीम ने किया ग्रीष्मकालीन मक्का की खेती की तैयारियों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** विकासखंड के गौना सहवानपुर गांव में कृषि विभाग की टीम ने ग्रीष्मकालीन मक्का की खेती की तैयारियों का निरीक्षण किया। रविवार को विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि महेश कुमार खोखर ने किसान ओमदत्त यादव के खेत का दौरा किया। यह निरीक्षण विभागीय कार्यक्रम के तहत किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिका. रियों ने पाया कि आलू की फसल कटाई के बाद किसान ग्रीष्मकालीन मक्का की बुवाई की तैयारी कर रहा है। खेत में जुताई और समतलीकरण का कार्य जारी है। किसान जल्द ही मक्का की बुवाई करने की योजना बना रहा है। कृषि अधिकारी ने किसान को विभाग द्वारा अनुशंसित उन्नत और प्रमाणित बीज ही खरी. दने की सलाह दी। किसान ओमदत्त यादव ने बताया कि पिछले साल उन्होंने कृषि विभाग से संकर मक्का का बीज लेकर खेती की थी, जिससे उन्हें अच्छा उत्पादन मिला था। इसी अनुभव के आधार पर, उन्होंने इस वर्ष भी लगभग 2 हेक्टेयर क्षेत्र में मक्का की बुवाई का लक्ष्य रखा है।

कृषि विभाग ने किसान को उन्नत कृषि तकनीकों, संतुलित उर्वरक उपयोग, बीज उपचार, समय पर बुवाई और कीट एवं रोग प्रबंधन से संबंधित तकनीकी जानकारी भी प्रदान की। अधिका. रियों ने विश्वास व्यक्त किया कि वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने से किसान को बेहतर उत्पादन और अधिक आय प्राप्त होगी

## मेरठ में हाईकोर्ट बेंच की घोषणा न होने पर यूथ कांग्रेस नेता ने जताई निराशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मेरठ दौरे के दौरान रैपिड मेट्रो परियोजना के उद्घाटन कार्यक्रम में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की घोषणा न किए जाने पर पूर्व कैबिनेट मंत्री डा.मैराजुद्दीन अहमद के पुत्र यूथ कांग्रेस नेता एवं अलीगढ़ बुलंदशहर प्रभारी फ़ैज़ महमूद ने इसे मेरठ और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता के लिए निराशाजनक बताया है।



फ़ैज़ महमूद ने कहा कि मेरठ लंबे समय से हाईकोर्ट बेंच की मांग करता रहा है और क्षेत्र के अधिवक्ताओं, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों ने कई बार इस मुद्दे को उठाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मेरठ दौरे से लोगों को उम्मीद थी कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लाखों लोगों की पुरानी मांग पूरी होगी, लेकिन मेरठ में हाईकोर्ट बेंच की घोषणा न होना जनता की भावनाओं को आहत करने वाला है। उन्होंने कहा कि रैपिड मेट्रो का उद्घाटन निश्चित रूप से विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन न्यायिक सुविधाओं की कमी आज भी क्षेत्र की बड़ी समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट बेंच न होने के कारण लोगों को छोटे-छोटे मामलों के लिए भी इलाहाबाद जाना पड़ता है, जिससे समय और धन दोनों की भारी हानि होती है। फ़ैज़ महमूद ने केंद्र और राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकारों पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि सरकार वास्तव में क्षेत्रीय विकास के प्रति गंभीर है तो मेरठ में जल्द से जल्द हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की घोषणा करनी चाहिए। इसके साथ ही फ़ैज़ महमूद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश नीति और हालिया व्यापार वार्ताओं पर भी सवाल उठाए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हजारों कार्यकर्ता मेरठ रवाना, रैली को विकास अग्रवाल ने बनाया सफल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेरठ में आयोजित ऐतिहासिक रैली में सहभागिता के लिए हापुड़ से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता रवाना हुए। क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल के नेतृत्व में कई बसों के माध्यम से हजारों कार्यकर्ता उत्साह और जोश के साथ मेरठ के लिए प्रस्थान किए। रैली को सफल बनाने के लिए विकास अग्रवाल ने संगठनात्मक स्तर पर व्यापक तैयारी और समन्वय की जिम्मेदारी निभाई। रैली की तैयारियों को लेकर पिछले कई दिनों से क्षेत्र में लगातार बैठकें, जनसंपर्क और कार्यकर्ताओं से संवाद का सिलसिला चलता रहा। कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने, परिवहन व्यवस्था, समयबद्ध प्रस्थान और समन्वय को लेकर विकास अग्रवाल स्वयं सक्रिय रहे। उनके नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने घर-घर संपर्क कर लोगों को रैली में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की पहली रैपिड मेट्रो सेवा के उद्घाटन को क्षेत्रीय विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस परियोजना से मेरठ और आसपास के क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी, आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि और रोजगार के नए अवसरों के सृजन की उम्मीद जताई जा रही है। रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया और पूरे मार्ग में विकास और नए भारत के संकल्प की गूंज सुनाई दी। विकास अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश तेजी से प्रगति की राह पर अग्रसर है और मेरठ की ऐतिहासिक धरती से विकास के नए अध्याय की शुरुआत पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि हापुड़ से भारी जनसमर्थन के साथ कार्यकर्ताओं की सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि जनता विकास की नीतियों के साथ खड़ी है। रैली के लिए रवाना हुए कार्यकर्ताओं में युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि यह आयोजन क्षेत्रीय विकास और संगठनात्मक एकजुटता का नया संदेश देगा।



# राजघाट पर जुटेंगे पूर्व सैनिक, राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियां पूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था का 18वां राष्ट्रीय अधिवेशन 24 फरवरी को गांधी स्मृति एवं दर्शन परिसर में आयोजित होगा।

संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने बताया कि अधिवेशन में देशभर से पूर्व सैनिक, पदाधिकारी और गणमान्य अतिथि भाग लेंगे। संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी ने जानकारी दी कि हापुड़ से दस पदाधिकारी अधिवेशन में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह होंगे। विशिष्ट अतिथियों में स्वामी चिदानंद सरस्वती, आचार्य डा. लोकेश मुनि, विजय गोयल तथा राजन छिब्बर शामिल रहेंगे। अधिवेशन के मुख्य वक्ताओं के रूप में गुरु पवन सिन्हा, मेजर जनरल एन. श्रीनिवासन राव, मेजर जनरल अनुज माथुर, मेजर जनरल एम.एल. असवाल और कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी वीर चक्र उपस्थित रहेंगे। संस्था के पदाधिकारियों के अनुसार पूर्व सैनिकों के कल्याण, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों और संगठनात्मक विस्तार पर मंथन किया जाएगा। कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से राजनाथ सिंह, वी.के. सिंह तथा आरिफ मोहम्मद खान भी संबोधित करेंगे। आयोजकों ने अधिवेशन को पूर्व सैनिकों के सम्मान, समन्वय और राष्ट्रीय सरोकारों पर विचार-विमर्श का महत्वपूर्ण मंच बताया है।



# लूट में फरार 25 हजार का इनामी गिरफ्तार, 4 लाख से अधिक नकदी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस ने बहुचर्चित लूट कांड में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूट से संबंधित 4,00,720 रुपये नकद और एक बैग बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार पिलखुवा क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व एक व्यापारी से 64 लाख रुपये की लूट की घटना सामने आई थी। इस मामले में पहले ही करीब 47 लाख रुपये की बरामदगी के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था, जबकि तीन शातिर बदमाश फरार चल रहे थे। साथियों की गिरफ्तारी और बरामदगी की सूचना मिलते ही लूट में शामिल अर्जुन त्यागी लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस की सक्रियता के आगे उसकी चालाकी ज्यादा देर तक नहीं चल सकी। थाना पिलखुवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को मोनार्ड कट के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान अर्जुन त्यागी पुत्र ओमकार निवासी ग्राम मधापुर थाना सिंभावली जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। वह संबंधित प्रकरण में वांछित था और उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से लूट की वारदात से संबंधित चार लाख सात सौ बीस रुपये नकद और एक बैग बरामद किया गया है। आरोपी से पूछताछ कर अन्य फरार साथियों और घटना से जुड़े शेष तथ्यों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही पूरे गिरोह का पर्दाफाश कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।



# महिलाओं व दिव्यांगजन को मिला संबल, उपकरण व सहायता राशि वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद न्यायालय परिसर में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ के तत्वावधान में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रभारी जिला जज हनी गोयल ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक विभागों के प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति रही।

शिविर का उद्देश्य आमजन को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ना रहा। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने स्टॉल पर योजनाओं की जानकारी दी और मौके पर ही पात्र व्यक्तियों को प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र तथा डेमो चेक वितरित किए। शिविर में राजमिस्त्री टूल किट, महिलाओं को सिलाई मशीन, दिव्यांगजन को ट्राई साइकिल और स्वरोजगार से जुड़े उपकरण भी वितरित किए गए। कई लाभार्थियों का विभागीय पोर्टलों पर ऑनलाईन पंजीकरण कर योजनाओं से जोड़ा गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। 124 महिलाओं को आरएफ के तहत 37.20 लाख रुपये तथा 192 महिला सदस्यों को सीआईएफ के अंतर्गत 2.88 करोड़ रुपये की धनराशि का डेमो चेक दिया गया। कुल मिलाकर 636 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ मिला, जबकि शिविर में लगभग 1175 लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, अधिवक्ता एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रभारी जिला जज ने शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों और उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविर आमजन को न्याय और कल्याणकारी योजनाओं से सीधे जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं।



# छतों से पथराव का वीडियो वायरल, पुलिस ने चार को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कोतवाली गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के मोहल्ला राजीव नगर में दो पक्षों के बीच पुराने विवाद को लेकर रविवार सुबह जमकर पथराव हो गया। देखते ही देखते दोनों ओर से लोग घरों की छतों पर चढ़ गए और एक-दूसरे पर पत्थर फेंके। घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच शुरू कर दी। थाना प्रभारी के अनुसार विवाद की पृष्ठभूमि शनिवार को बनी, जब कस्बे से एक बारात जहांगीराबाद गई थी। वहीं किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के युवकों में कहासुनी हुई थी, जिसे मौके पर मौजूद लोगों ने शांत करा दिया था। लेकिन रविवार सुबह वही तनातनी फिर उभर आई और देखते ही देखते मामला हिंसक झड़प में बदल गया।

स्थानीय लोगों के मुताबिक कुछ ही मिनटों में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और छतों से पथराव शुरू हो गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि पुलिस ने प्रकरण का संज्ञान लेते हुए चार लोगों को हिरासत में लिया है। आरोपितों से पूछताछ की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।



# पीएम-सीएम कार्यक्रम से पहले हापुड़ में रही कड़ी सुरक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जनपद में सुरक्षा व्यवस्था अभेद बनाने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर जिले भर में सघन चेकिंग, निगरानी और गश्त बढ़ा गई। ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना की आशंका को पहले ही समाप्त किया जा सके।

इसी क्रम में हाफिजपुर थाना क्षेत्र स्थित कुराना टोल प्लाजा पर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल द्वारा व्यापक जांच अभियान चलाया जा रहा है। टोल प्लाजा से गुजरने वाले वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों की पड़ताल, चालकों व यात्रियों की पहचान सत्यापन तथा संदिग्ध वस्तुओं की बारीकी से तलाशी ली जा रही है। बाहरी जनपदों से आने वाले वाहनों पर विशेष नजर रखी जा गई। सुरक्षा व्यवस्था को बहुस्तरीय बनाने के लिए डॉग स्क्वायड और खुफिया तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ लगातार गश्त कराई जा रही है। प्रमुख मार्गों और प्रवेश बिंदुओं पर चेकिंग प्वाइंट स्थापित कर निगरानी और कड़ी कर दी गई।



## एक नजर

### अज्ञात लोगों ने किसान की चार बीघा खीरे की फसल को किया नष्ट

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट क्षेत्र के गांव नयाबांस के जंगल में अज्ञात लोगों ने एक किसान की करीब चार बीघा पलेज की फसल को नष्ट कर दिया। पीड़ित को सुबह खेत पर जाने के बाद जानकारी हो सकी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी किसान ने बताया कि उसने अपने चार बीघा खेती की भूमि पर पलेज की फसल को लगाया हुआ है। प्रतिदिन वह फसल को देखने के लिए जाता है। पीड़ित ने बताया कि रोजमर्रा के भांति रविवार की सुबह जब वह खेत पर फसल को देखने के पहुंचे तो देखा कि अज्ञात लोगों ने उसकी संपूर्ण फसल को तहस नहस कर दिया है। फसल को चौपट देखकर वह दंग रह गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के एक गांव में दुकान से सामान लेने के लिए गई नौ वर्ष की किशोरी के साथ दुकानदार ने अश्लील हरकते करते हुए छेड़छाड़ की। किशोरी ने मामले की जानकारी मां को दी। पुलिस ने पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि शनिवार को उसकी नौ वर्ष की बेटी गांव में स्थित दुकान पर सर्फ लेने के लिए गई थी। वहां दुकानदार ने उसकी बेटी को दुकान के अंदर बुलाकर अश्लीलता करते हुए बेटी के साथ छेड़छाड़ की। उसके बाद उसकी बेटी घर रोते हुए पहुंची और मां को सारी बात बताई। पत्नी ने उसकी जानकारी दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### केएम विश्वविद्यालय की चित्रकला संगम आर्ट एग्जीबिशन का कुलाधिपति ने किया समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** केएम विश्वविद्यालय परिसर में 'कृदय 2.0' वार्षिकोत्सव के अंतर्गत आयोजित तीन दिवसीय चित्रकला संगम आर्ट एग्जीबिशन के समापन अवसर पर विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने अवलोकन किया और बीएफए के विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा अद्भुत अनूठा संगम देखने को मिल रहा है, केएम विश्वविद्यालय के अध्ययनरत छात्राओं के हाथों की कला वास्तव में प्रशंसनीय है, भविष्य में चित्रकला संगम आर्ट एग्जीबिशन का आयोजन विवि में होता रहेगा। कृदय 2.0 वार्षिकोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं के बीच चित्रकला संगम आर्ट एग्जीबिशन का आयोजन किया गया जिसमें बीएफए की छात्राओं द्वारा बनाई गई 60 से अधिक उत्कृष्ट पेंटिंग प्रदर्शित की गई। समापन अवसर पर पहुंचे विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी का बीएफए के एचओडी (चित्रकार) हर्षित सोनी ने गुलदस्ता एवं पटुका पहनाकर स्वागत किया। विवि के सलाहाकार डा. एसपी गोस्वामी और चित्रकार हर्षित सोनी ने छात्रा शिखा सिंघल, चेतना कुंतल, मोनिका तिवारी और अंजली कुंतल द्वारा बनाई गई कृतियां के बारे में कुलाधिपति को अवगत कराया, विवि के कुलाधिपति ने विद्यार्थियों के रचनात्मक, कलात्मक, एवं ज्ञानात्मक हुनर की प्रशंसा करते हुए ताज्जुब किया कि ऐसे होनहार विद्यार्थी केएम विवि में है, जिनकी हमें जानकारी भी नहीं हैं। उन्होंने छात्राओं की मेहनत और लग्न के लिए विशेष रुप से सराहना की और छात्राओं के साथ सेल्फी लेकर उनका उत्साहवर्धन किया और विश्वास दिलाया कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन भविष्य में भी होता रहेगा।

# युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने युवती को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को चितौली रोड स्थित भट्टे के पास से दबोचा और उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार संबंधित प्रकरण थाना हापुड़ नगर में बीएनएस से जुड़ा है, जिसमें नामजद आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस टीम को आरोपी की लोकेशन की जानकारी मिली, जिसके आधार पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कामिल पुत्र भूरा उर्फ शाहनवाज निवासी मोहल्ला पीरबहाउद्दीन, थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ कर मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है, ताकि प्रकरण से जुड़े सभी तथ्यों को स्पष्ट किया जा सके।

# मतदाता सूची अपडेट के लिए बड़ा अभियान, एसडीएम ने बूथों पर कसा शिकंजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार रविवार को धौलाना विधानसभा क्षेत्र में विशेष पुनरीक्षण अभियान दिवस के तहत सभी मतदान केंद्रों पर व्यापक अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बूथ लेवल अधिकारियों ने अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं से संबंधित फॉर्म-6, 7 और 8 प्राप्त किए तथा सार (Summary Revision) के अंतर्गत लंबित नोटिसों की सुनवाई भी की गई।

अभियान की प्रगति का जायजा लेने के लिए उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह और नायब तहसीलदार दिव्यांशी सिंह ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने विबग्योर इंटरनेशनल स्कूल, राजपूताना इंटर कॉलेज तथा सर्वोदय इंटर कॉलेज पहुंचकर पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा की और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में त्रुटि पाए जाने पर संबंधित मतदाता से फॉर्म-8 भरवाकर समयबद्ध तरीके से सुधार सुनिश्चित किया जाए, ताकि सभी पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रभावी उपयोग कर सकें। अभियान के दौरान सुपरवाइजर सुशील कुमार तोमर और ओमवीर सिंह सहित विभिन्न बूथों पर तैनात बीएलओ दीपशिखा, संगीता, शिखा, कुलदीप, संदीप, सुषमा और बबीता मौजूद रहे। प्रशासन ने बताया कि विशेष पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के लिए सतत निगरानी और नियमित निरीक्षण जारी रहेगा।



# गांव-गांव सुरक्षा का घेरा, कोतवाल ने प्रहरियों को दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने और ग्रामीण क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में ग्राम प्रहरियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट ने गांवों में होने वाली गतिविधियों पर पैनी नजर रखने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या घटना की तत्काल सूचना पुलिस को देने के निर्देश दिए।

कोतवाली सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि ग्राम प्रहरी पुलिस और ग्रामीण समाज के बीच महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होंने प्रहरियों से बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही पर विशेष नजर रखने, रात्रि गश्त को प्रभावी बनाने और आगामी चुनाव व त्योहारों के मद्देनजर शरारती तत्वों की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने को कहा। उन्होंने कहा कि चौकीदार वास्तव में ग्राम सुरक्षा अधिकारी के रूप में कार्य करते हैं और उनकी सक्रियता से ही गांवों में शांति व्यवस्था कायम रहती है। क्षेत्र में किसी भी प्रकार की संदिग्ध हलचल, विवाद या असामाजिक गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश भी दिए गए, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक के दौरान प्रहरियों को रात्रि गश्त में सुविधा के लिए टॉर्च के सेल और साफा वितरित किए गए। इस अवसर पर थाना स्टाफ सहित क्षेत्र के ग्राम प्रहरी उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारियों ने भरोसा जताया कि ग्राम प्रहरियों के सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी।



# दिल्ली रोड फायरिंग कांड का खुलासा, आरोपी अवैध पिस्टल संग गिरफ्तार

**हापुड़।** दिल्ली रोड पर हवाई फायरिंग की घटना में थाना हापुड़ नगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 7.65 एमएम की अवैध पिस्टल बरामद की है।

पुलिस के अनुसार टीम ने आनंद विहार नाले वाले रास्ते के पास संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली। जांच में उसके पास से अवैध असलहा बरामद हुआ, जिसके बाद उसे तत्काल हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान जतिन त्यागी पुत्र संजीव त्यागी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# तेज आवाज में बजाया डीजे तो होगी कार्यवाही: स्तुति सिंह (सीओ गढ़)

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र में परीक्षार्थियों के पड़ोस में कोई तेज आवाज में डीजे या गाने बजा रहा है। तो छात्र डायल 112 पर शिकायत कर सकते हैं। कॉल करते ही पुलिस मौके पहुंचेगी। डीजे बंद न करने पर संबंधित पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। सीओ स्तुति सिंह ने दिशा-निर्देश जारी कर तेज ध्वनि में संगीत बजाने से मना किया है। सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि परीक्षार्थी के पड़ोस में तेज आवाज में डीजे या अन्य किसी भी प्रकार का साउंड सिस्टम बजता है। तो बच्चे डायल 112 पर शिकायत करें। शिकायत के कुछ देर बाद डायल 112 मौके पर पहुंच कर वीडियोग्राफी करेंगी। सीओ ने कहा कि तेज आवाज में गाना बजाने वाले के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 व ध्वनि प्रदूषण विनियमन और नियंत्रण नियम के तहत कर्रवाई होगी। वहीं 2000 के उल्लंघन के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत पांच वर्ष कैद व एक लाख रुपये जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। स्तुति सिंह ने कहा कि बोर्ड परीक्षा का महीना विद्यार्थियों के लिए काफी अहम होता है। इस दौरान उन्हें कड़ी मेहनत करके परीक्षा देनी होती है। इसलिए देर रात से लेकर सुबह जल्दी उठकर पढ़ाई करते हैं। ऐसे में सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है कि तेज आवाज में म्यूजिक या शोर-शराबा करके परेशानी का कारण न बनें। कहीं भी नियमों का उल्लंघन होगा तो कार्रवाई होगी।

# जिला सहकारी बैंक की 35वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक सम्पन्न

## बलदेव सिंह औलख ने किया शुभारम्भ, मोहन लाल सैनी की अध्यक्षता में उपलब्धियों पर विस्तृत चर्चा







**›› मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीप्रकाश त्रिपाठी ने किया वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत**

शाह टाइम्स (कमाल)

**रामपुर।** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड, रामपुर की 35वीं वार्षिक सामान्य निकाय बैठक बैंक मुख्यालय सभागार में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान) बलदेव सिंह औलख ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बैठक की अध्यक्षता बैंक अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि बैंक सहकारिता के सिद्धांतों पर चलते हुए किसानों, स्वयं सहायता समूहों और लघु उद्यमियों को सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में बैंक ने ऋण वितरण, वसूली एवं लाभांश के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में सूर्यप्रकाश पाल ने कहा कि सहकारिता आंदोलन को और मजबूत बनाने के लिए सभी सदस्यों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि बैंक की शाखाएं गांव-गांव तक पहुंच बनाकर किसानों को समय पर ऋण और योजनाओं का लाभ उपलब्ध करा रही हैं। बैंक के सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीप्रकाश त्रिपाठी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बैंक की आय-व्यय, लाभांश वितरण, एनपीए की स्थिति, ऋण अदायगी तथा आगामी वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैंक डिजिटल सेवाओं को बढ़ावा दे रहा है और खाताधारकों को पारदर्शी व त्वरित सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में प्रथम अपर जिला सहकारी अधिकारी विकास कुमार, संचालक मंडल सदस्य हसीब अहमद, मोहम्मद इरफान, राजेश कुमार, धर्मपाल सिंह, नरेश कुमार, विपिन कुमार, कमलेश सिंह, शमीम अहमद, सुरेंद्र पाल, रामकिशोर, जगदीश प्रसाद, अनिल कुमार, सत्यपाल सिंह, देवेंद्र कुमार, राजीव अग्रवाल, अमर सिंह, शाहिद अली, महेंद्र सिंह, रियाज अहमद, गुलशन कुमार सहित अन्य सदस्य, शाखा प्रबंधक एवं बैंक कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली शाखाओं–स्वार, रुस्तमनगर, मिलक, बिलासपुर, सिविल लाइंस और टांडा–को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया तथा बैंक की प्रगति और सहकारिता आंदोलन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया गया।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में किसानों का ज्ञापन, वापसी की मांग



शाह टाइम्स

**स्वार।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के जिला अध्यक्ष एम. शरिक इकबाल के नेतृत्व में रविवार को पदाधिकारियों और किसानों ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन कोतवाली प्रभारी संजीव कुमार को सौंपा। ज्ञापन में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की गई। किसानों का कहना है कि भारत सरकार और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच हुआ हालिया व्यापार समझौता देश के कृषि क्षेत्र के हित में नहीं है। उनका आरोप है कि इससे विदेशी कृषि उत्पादों का आयात बढ़ेगा, जिससे भारतीय किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। इस मुद्दे को लेकर किसानों में रोष व्याप्त है। ज्ञापन में गन्ने का मूल्य ?500 प्रति क्विंटल घोषित करने, शुगर मिलों द्वारा किसानों का बकाया भुगतान शीघ्र कराने तथा देश के किसानों का कर्ज माफ करने की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त कृषि कार्यों के लिए नलकूपों को मुफ्त बिजली आपूर्ति, घरेलू बिजली पर विशेष सब्सिडी तथा कृषि यंत्र, खाद, बीज और अन्य कृषि उपयोगी वस्तुओं पर पर्याप्त अनुदान देने की मांग भी की गई। किसानों ने 60 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके किसानों को ?10,000 प्रतिमाह पेंशन देने की मांग उठाई। साथ ही फसलों के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने, न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) बढ़ाने तथा टरढ पर कानूनी गारंटी लागू करने की भी मांग की। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर, विशेष रूप से भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को वापस लेने के संबंध में, शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो रामपुर जनपद सहित प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# एशियन क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में उजाला ने जीता ब्रॉन्ज

शाह टाइम्स



**रामपुर।** रामपुर के ग्राम किशनपुर अटारिया की बेटी उजाला ने जापान के फुकोका शहर में 21 फरवरी को आयोजित एशियन क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। इस प्रतियोगिता में एशिया महाद्वीप के देशों से आए लगभग एक हजार खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। वर्ल्ड एथलेटिक्स की ओर से जापान में आयोजित एशियन क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में रामपुर के ग्राम किशनपुर अटारिया के किसान भगवानदास की बेटी उजाला ने ब्रांन्ज पदक जीत कर शहर का नाम रोशन किया है। उजाला वर्तमान में उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत हैं। उजाला ने अपने खेलो की शुरूआत बमनपुरी स्टेडियम रामपुर में एथलेटिक्स कोच रणदीप सिंह के सानिध्य में की थी। उजाला रामपुर की पहली महिला एथलीट है जिसने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त किया है। उजाला ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने कोच रणदीप सिंह और अपनी मेहनत तथा अपने विभाग के अधिकारियों को दिया। उजाला ने बताया कि में अपनी इस जीत से काफी खुश हूं,इसके लिए मैने अपने कोच के दिशा निर्देशन में काफी मेहनत की और साथ ही विभागीय अधिकारियों का भी पूरा सहयोग रहा है। उजाला की इस जीत पर सभी खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। रामपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव फरहत अली खान ने कहा कि यह जीत रामपुर में नए खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का काम करेगी। इस मौके पर जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ,फहीम अली ,मोहम्मद जिशान आदि ने उजाला की इस जीत पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आत्महत्या के मामले में वांछित महिला व पुरुष गिरफ्तार

शाह टाइम्स



**रामपुर।** थाना बिलासपुर क्षेत्र में आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में पुलिस ने वांछित एक अभियुक्त और एक अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार 20 फरवरी 2026 को वादिनी की तहरीर पर थाना बिलासपुर में मु0अ0सं0 56/2026, धारा 108 बीएनएस के तहत विजय साहनी एवं हरिया देवी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि विजय साहनी निवासी उधमसिंहनगर, उत्तराखंड वादिनी के पिता की मर्जी के बिना उनके घर आता-जाता था और वादिनी की मां हरिया देवी से मिलता था। इस बात से क्षुब्ध होकर वादिनी के पिता ने कथित रूप से जहर खा लिया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक चन्द्रवीर सिंह द्वारा की जा रही है। पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी बिलासपुर के निर्देशन में थाना बिलासपुर पुलिस ने 22 फरवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर डिबडिबा रोड स्थित रानी फार्म के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में विजय साहनी पुत्र स्व. विनोद निवासी बिगवाड़ा थाना रुद्रपुर जिला ऊधमसिंहनगर (उत्तराखंड) तथा छठिया देवी उर्फ हरिया देवी पत्नी छोटेलाल साहनी निवासी आश्रम कॉलोनी डिबडिबा थाना बिलासपुर जिला रामपुर शामिल हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक चन्द्रवीर सिंह, कांस्टेबल 765 राजदीप सिंह, कांस्टेबल 707 आशीष कुमार एवं महिला कांस्टेबल 2015 सुनीता निषाद शामिल रहीं। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मतकटों की बारात की तैयारियां शुरू, रिक्शा से पहुंचेगा दूल्हा

## होली के उपलक्ष्य में हास्य-परिहास का पूरा इंतजाम, बुक हुआ बैंड-बाजा

शाह टाइम्स

**रामपुर।** होली पर शहर में मतकटों की निकलने वाली बारात और हास्य व्यंग वाले कार्यक्रम तीन मार्च की रात को होंगे। कार्यक्रमों को लेकर सत खसमी मतकटी परिषद ने रूप रेखा तैयार कर ली है। कार्यक्रम के पंपलेट छप चुके हैं। जिन्हें आमंत्रण पत्र के रूप में लोगों को बांटा भी जा रहा है। आयोजक ने बताया कि मतकटों और मतकटियों का जगावड़ा तीन मार्च की रात 10 बजे से पुरानागंज में स्थित श्री हरिहर का मंदिर पर होगा। बरात के लिए दूल्हे का चयन कार्यक्रम आयोजन के दिन ही होगा। इसके बाद दूल्हे को सजाकर बरात निकाली जाएगी। बरात वापस श्रीहरिहर मंदिर पर लौटने पर उसकी आरती उतारी जाएगी। इसके बाद बरात के स्वागतगीत, जयमाल और विदाई होगी। इससे पहले दूल्हा झाड़ू से सभी मतकटों को आशीर्वाद देगा। फिर उसी रात फैंसीड्रेस शो, कविता शो, हास्य व्यंग नाटक, बाल कलाकार डांस प्रस्तुत करेंगे। शेर शायरी भी होंगी।मतकटी परिषद के संयोजक राम शरन देवल बताते हैं कि इन कार्यक्रमों में मतकट की अदालत की भी खासप्रस्तुति रहेगी। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रम की तैयारी में मतकटी परिषद के मंत्री रविंद्र गुप्ता, उप मंत्री रामऔतार पाल, सोनू ठाकुर, विजय शर्मा, हरिओम पहलवान, वेद प्रकाश, छोलेबाबू, विवेक गुप्ता लगे हैं।

# होली से पहले मिलावट पर सख्ती, 06 नमूने जांच को भेजे

शाह टाइम्स (कमाल)

**रामपुर।** आगामी होली पर्व के मद्देनजर जनपद में सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सहायक आयुक्त (खाद्य)/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापामार कार्रवाई की। अभियान के तहत पटवाई रोड, असदुल्लापुर (मिलक) स्थित श्री राधा रानी ट्रेडर्स के संचालक हैप्पी गुप्ता पुत्र कुवंरपाल गुप्ता से मैदा एवं लाल मिर्च पाउडर के एक-एक नमूने लिए गए। गुणवत्ता सॉदिग्ध पाए जाने पर लगभग 29 बोरी (करीब 1303 किलोग्राम) मैदा, जिसकी अनुमानित कीमत 46 हजार रुपये है, तथा लगभग 37.500 किलोग्राम लाल मिर्च पाउडर (अनुमानित कीमत 8,250 रुपये) को सीज किया गया। इसी क्रम में रास डॅडिया, मिलक स्थित सतीश किराना स्टोर के संचालक सतीश चन्द्र गंगवार पुत्र नेम चन्द्र से नमकीन का एक नमूना संग्रहित किया गया। स्वार क्षेत्र में एक स्पेलर इकाई के संचालक अशरफ पुत्र अजीज से सरसों का तेल एवं पिसी धनिया के एक-एक नमूने लिए गए। गुणवत्ता संदेहास्पद पाए जाने पर लगभग 20 किलोग्राम सरसों का तेल (अनुमानित कीमत 3,800 रुपये) तथा 3 किलोग्राम पिसी धनिया (अनुमानित कीमत 480 रुपये) को सीज किया गया। जांच के दौरान उक्त स्पेलर बिना खाद्य पंजीकरण के संचालित पाया गया, जिस पर संबंधित खाद्य कारोबारकर्ता को नियमानुसार निर्देश दिए गए। समोंदिया, स्वार स्थित नबी हुसैन डेरी के संचालक नबी हुसैन पुत्र फिदा हुसैन से क्रीम का एक नमूना लिया गया। इस प्रकार विभिन्न प्रतिष्ठानों से कुल 06 विधिक नमूने संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद मिलावट की प्रकृति के अनुसार संबंधित धाराओं में वाद दर्ज किया जाएगा। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामचन्द्र यादव, मनोज कुमार, अशोक कुमार, देवकान्त, शहाबुद्दीन दोस्त एवं अजरा बी मोहम्मद मौजूद रहे।

# टाण्डा में अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर, प्रशासन की सख्त कार्रवाई

शाह टाइम्स (कमाल)



**रामपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशन में राजस्व टीम एवं नगरपालिका परिषद टाण्डा की संयुक्त टीम ने आराजी ग्राम टण्डोला, तहसील टाण्डा, जनपद रामपुर स्थित गाटा संख्या 289, रकबा 0.2830 हे० पर बिना सक्षम प्राधिकारी से नक्शा पास कराए विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसे ध्वस्त करा दिया। कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद अधिकारियों ने अवैध निर्माण को हटवाया और संबंधित व्यक्तियों को कड़ी चेतावनी दी कि बिना अनुमति किसी भी प्रकार की प्लाटिंग अथवा कॉलोनी विकसित करना दंडनीय अपराध है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अवैध रूप से विकसित की जा रही प्लाटिंग और कॉलोनियों के खिलाफ अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक आकाश सक्सेना के साथ समिति अध्यक्ष संदेश अग्रवाल और समिति ने की बैठक

## तीन दिवसीय कथा नरसी का भात नानी बाई के मायरा हेतु तैयारियां समीक्षा

शाह टाइम्स



**रामपुर।** शहर के विधायक आकाश सक्सेना के साथ गौ सेवा गोपाल सेवा समिति के पदाधिकारियों ने लोहिया पार्क, ज्वाला नगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य दिनांक 27 फरवरी से होने वाले तीन दिवसीय कथा नरसी का भात नानी बाई के मायरा के आयोजन के लिए तैयारियों का जायजा लेना था। निरीक्षण के दौरान समिति के पदाधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी उपस्थित लोगों से अनुरोध किया गया कि वे इस महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर इसे सफल बनाएं। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष संदेश अग्रवाल, राम किशोर शर्मा, राजकुमार सिंह, नरेश शर्मा, बीना अग्रवाल, राज रानी शर्मा, कार्यक्रम के संयोजक विनोद श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उन्होंने सभी तैयारियों का जायजा लिया और कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए सभी से सहयोग की अपील की।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का एआरओ राज कुमार ने किया निरीक्षण




शाह टाइम्स

**रामपुर।** पंजाब नगर एडिशनल पीएचसी में आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण सहायक शोध अधिकारी राज कुमार चमरव्वा ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों की ड्यूटी, चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता और मरीजों के उपचार का जायजा लिया। निरीक्षण के समय फार्मासिस्ट अरिफ माशूद खा, स्टाफ नर्स निकिता, एएनएम गजल, एल.टी फिजा (उढ), विशाल सिंह (ळ.इ), डब्ल्यू/बी चंद्रपाल सिंह, डॉक्टर मोमिना कमाल और हरीओम सिंह आदि मौजूद थे इस मेले में उपस्थित मरीजों का समय पर सफल उपचार किया गया और आयुष्मान कार्ड धारकों सहित सभी मरीजों को चिकित्सा सुविधा प्रदान की गई। एआरओ राज कुमार ने बताया कि स्थानीय लोग और मरीजों ने भी इस आयोजन की प्रशंसा की और कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं सहज और प्रभावी रूप से उपलब्ध कराई गईं।

# पगड़ी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाए हुनर

शाह टाइम्स



**रामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में रविवार को पगड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर से बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीर अनूप सिंह और शहर विधायक आकाश सक्सेना रहे। प्रतियोगिता में बच्चों ने आकर्षक पगड़ी बनाई। मुख्य अतिथि वीर अनूप सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हर सिख बच्चे का फर्ज बनता है कि वह पगड़ी पहने। वीर खालसा सेवा समिति बधाई पात्र है जो समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम करती रहती है। शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा सिख समाज के इतिहास को भुलाया नहीं जा सकता। सिख समाज हमेशा ही समाज सेवा में आगे रहता है। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि पगड़ी सिख की पहचान ही नहीं, बल्कि शान है। कहा कि छोटे-छोटे बच्चों का पगड़ी सीखना उनका सखी स्वरूप दिखता है। इस दौरान बेहतर पगड़ी बनाने बाले विजेता बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरदार मनमीत सिंह ,सरदार तीरथ सिंह ,चरणजीत सिंह ,जसपाल सिंह ,अमरजोत सिंह कपूर ,चरणजीत सिंह ,नायब सिंह ,इंदर सिंह , सेवा सिंह ,सुरजीत सिंह ,करण दीप सिंह एडवोकेट ,खुशवंत सिंह ,शेफाली अरोरा ,अनु अरोड़ा ,शीला माथुर ,खुशी ,अंजना अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

# पिता-पुत्र को लाठी-डंडों से पीटा गालियां देने से रोकने पर तीन लोगों ने की मारपीट,रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के नरेंद्रपुर घारमपुर गांव में 21 फरवरी 2026 को सुबह करीब 10 बजे पिता-पुत्र पर लाठी-डंडों से हमला किया गया। पीड़ित हरिओम गुप्ता ने गालियां देने से मना करने पर मारपीट का आरोप लगाते हुए तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।हरिओम गुप्ता ने अपनी शिकायत में बताया कि वह अपनी दुकान से घर जा रहे थे। इसी दौरान नितिन ने उन्हें देखकर बिना किसी बात के गालियां देना शुरू कर दिया। जब हरिओम ने गालियां देने से मना किया, तो नितिन भड़क गया।इसके बाद नितिन, विपिन और अनुराग (पुत्रगण नंद किशोर, निवासी नरेंद्रपुर घारमपुर) ने मिलकर हरिओम और उनके बेटे सीताराम को गालियां देते हुए लाठी-डंडों और लात-घूसों से पीटा। आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।हरिओम गुप्ता ने घटना के बाद शाहबाद थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पनवड़िया स्थित सद्भावना मण्डप में वृहद विधिक सहायता शिविर सम्पन्न

**जिला जज भानु देव शर्मा बोले हकदारों तक इंसाफ और हकूक की रसाई हमारी जिम्मेदारी ,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से होती जरूरतमंदों की मदद : डीएम**





## पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का सीधा लाभ, नि:शुल्क विधिक सहायता पर जोर




शाह टाइम्स (कमाल)

**रामपुर।** पनवड़िया स्थित सद्भावना मण्डप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भानु देव शर्मा, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार दीक्षित तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संदीप सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जनपद न्यायाधीश भानु देव शर्मा ने कहा कि इस मेगा कैम्प का उद्देश्य उन पात्र लाभार्थियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाना है, जो सभी प्रक्रियाएँ पूर्ण करने के बावजूद अब तक वंचित रह गए थे। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे इस प्रकार के शिविरों का अधिकाधिक लाभ उठाएं। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से जरूरतमंदों को नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के जरिए जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने कहा कि शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना तथा मिशन शक्ति, वूमेन पावर लाइन और साइबर हेल्पलाइन जैसी सेवाओं के प्रति जागरूक करना है।

### विभिन्न विभागों द्वारा लाभ वितरण

शिविर के दौरान कृषि विभाग ने 10 कृषकों को मूंग बीज मिनीकिट वितरित किए तथा एक लाभार्थी को सोलर पम्प प्रदान किया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत 5 पात्र लाभार्थियों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु स्वीकृति पत्र दिए गए। समाज कल्याण विभाग ने 7 लाभार्थियों को वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत की। श्रम विभाग द्वारा 6 लाभार्थियों को मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना के अंतर्गत ?26,000 की धनराशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री आवास योजना 2025-26 के तहत 5 लाभार्थियों को आवास स्वीकृत किए गए। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने एक लाभार्थी को ट्राईसाइकिल तथा 4 को बैसाखी वितरित की। उज्ज्वला योजना के अंतर्गत निःशुल्क सिलेंडर रिफिल प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत कुमारी हंसिका को ?2,500 तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत कु० अदिति को ?3,000 की धनराशि का चेक दिया गया। दैवीय आपदा राहत योजना के अंतर्गत हीरालाल को ?4 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त आईसीडीएस विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित की गई तथा चिकित्सा विभाग द्वारा पात्र व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराए गए। शिविर में विभिन्न विभागों ने जनकल्याणकारी योजनाओं एवं निःशुल्क कानूनी सहायता के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मेगा शिविर के माध्यम से नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का सराहनीय प्रयास किया गया।

# कारी इमरान रजा का पैगाम: कुरान को पढ़ें भी, समझें भी और उस पर अमल भी करें



शाह टाइम्स

**स्वार।** रविवार को मदनी मरकज मस्जिद फैजान-ए-मौला अली (सरकारी बाग के समीप) में आयोजित दीनि इजलास में कारी इमरान रजा अत्तारी ने खिताब करते हुए कहा कि कुरान पाक महज तिलावत की किताब नहीं, बल्कि जिंदगी गुजारने का मुकम्मल दस्तूर है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर मुसलमान के लिए कुरान को पढ़ना, समझना और उसकी तालीमात पर अमल करना इंतिहाई जरूरी है। उन्होंने कहा कि कुरान की फजीलत के बारे में अल्लाह के रसूल हजरत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने कई मौकों पर इरशाद फरमाया है। जो शख्स अल्लाह की किताब का एक हर्फ पढ़ता है, उसे एक नेकी मिलती है और हर नेकी का सवाब दस गुना कर दिया जाता है। उन्होंने मिसाल देते हुए कहा कि ‟अलिफ-लाम-मीम” तीन हरूफ हैं, और हर हर्फ पर दस नेकियों का वादा है। कारी इमरान रजा ने हदीस का हवाला देते हुए बताया कि नबी करीम (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) ने फरमाया, ‟तुम में सबसे बेहतर वह शख्स है जो कुरान सीखे और दूसरों को सिखाए।” (सहीह बुखारी) उन्होंने कहा कि कुरान पढ़ने वालों के लिए कयामत के दिन शफाअत की खुशखबरी भी दी गई है, जब कुरान अपने पढ़ने वाले के हक में सिफारिश करेगा। कहा कि कुरान की तिलावत से दिल को सुकून, रूह को इत्मीनान और जिंदगी को रौशन राह मिलती है। जन्नत में दरजात की बुलंदी भी कुरान से ही नसीब होगी, क्योंकि इंसान से कहा जाएगा कि पढ़ता जा और ऊपर चढ़ता जा। आखिर में उन्होंने हाजिरीन से अपील की कि कुरान को तजवीद के साथ पढ़ें, उसके मआनी समझें और उसे अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाएं। दुआ के साथ इजलास का इख़्तिताम हुआ।

# अलग-अलग हुए सड़क हादसों में दो घायल, एक रेफर




शाह टाइम्स

**शाहबाद।** में रविवार को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद में प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद एक व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया गया।पहला हादसा शाहबाद थाना क्षेत्र में हुआ। ढाकुरिया निवासी रुखसाना अपने बेटे की दवाई लेने शाहबाद आ रही थीं। शाहबाद-रामपुर चौराहे पर किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगने से रुखसाना सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं दूसरा हादसा सैफनी थाना क्षेत्र में हुआ। अलअफगंज निवासी 25 वर्षीय राजपाल उधारी के पैसे लेने सैफनी गए थे। सैफनी से लौटते समय अलअफगंज के मोड़ पर एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में राजपाल भी गंभीर रूप से घायल हो गए।दोनों हादसों के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और उन्होंने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने दोनों को प्राथमिक उपचार दिया। राजपाल की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें आगे के इलाज के लिए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया गया।

# मेगा विधिक सहायता शिविर में न्याय व जनकल्याण योजनाओं की दी जानकारी




शाह टाइम्स

**रामपुर।** सद्भावना मंडप, पनवड़िया में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रामपुर के तत्वाधान में त्वरित, सस्ता और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माननीय जिला न्यायाधीश, रामपुर (अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण), जिलाधिकारी, रामपुर तथा पुलिस अधीक्षक, रामपुर ने विभिन्न विभागों से संबंधित विधिक प्रावधानों एवं योजनाओं की जानकारी देकर आमजन को जागरूक किया। इस अवसर पर मिशन शक्ति केंद्र, विशेष महिला सुरक्षा, लोक अदालत, महिला कल्याण विभाग, बाल विकास परियोजना, स्वास्थ्य विभाग तथा जिला कारागार सहित अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। शिविर के दौरान चयनित पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत सामग्री वितरित की गई। आयोजन का उद्देश्य नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक सुनिश्चित करना रहा।

**बेस्ट माइंड सोसाइटी की मासिक बैठक**

# शिक्षा के उद्देश्य पर हुई चर्चा, बच्चों को शिक्षित करने पर जोर



शाह टाइम्स

**शाहबाद।** बेस्ट माइंड एजुकेशनल वेलफेयर सोसाइटी की मासिक बैठक रविवार को आयोजित की गई। यह बैठक समिति के प्रधान कार्यालय मोहल्ला नालापार में हुई। इसमें शिक्षा के उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष दिनेश ने की। उन्होंने उन बच्चों को सहारा देने की बात कही जो पढ़ाई करना चाहते हैं लेकिन किसी कारणवश नहीं कर पा रहे हैं। दिनेश ने बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य सभी बच्चों को शिक्षित करना है। सोसाइटी के प्रबंधक सचिव सुमित कुमार ने कहा कि सभी बच्चों को शिक्षा मिलना उनका मौलिक अधिकार है। बैठक में सोसाइटी के प्रबंधक सचिव सुमित कुमार, उप प्रबंधक सचिव प्रेमवती देवी, अध्यक्ष दिनेश, उपाध्यक्ष यशपाल, कोषाध्यक्ष रोहन, सदस्य शीतल देवी और प्रीति देवी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार जेसीबी चालक की मौत, परिवार में मचा कोहराम



शाह टाइम्स

**मिलक।** सड़क हादसे में मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार जेसीबी चालक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थाना केमरी के ग्राम मुझियाना निवासी 28 वर्षीय बिट्टू एक ईंट भट्टे पर जेसीबी चालक के रूप में कार्यरत थे। रविवार सुबह करीब 9 बजे वह रोजाना की तरह अपनी बाइक से भट्टे पर काम करने जा रहे थे। तभी ग्राम रास डांडिया के पास पीछे से आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। राहगीरों ने बताया कि टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बिट्टू सड़क पर गिर पड़े और ट्रैक्टर का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल परिजनों को सूचना दी और घायल को मिलक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बिट्टू की मौत की खबर मिलते ही अस्पताल में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि मृतक का विवाह करीब डेढ़ वर्ष पूर्व हुआ था। कुछ माह पूर्व ही उनके घर शिशु का जन्म हुआ था, लेकिन जन्म के दो दिन बाद ही शिशु की बीमारी से मृत्यु हो गई थी। युवक की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। मृतक अपने परिवार के इकलौते कमाने वाले थे। उनके परिवार में माता-पिता, पत्नी और एक छोटा भाई है । छोटा भाई गांव के ही एक स्कूल में पढ़ाई करता है। थाना केमरी के इंस्पेक्टर हिमांशु चौहान ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक की टक्कर में युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी बोले विकास के लिए आय के मजबूत श्रोत जरूरी

**26 करोड़ की 171 विकास योजनाओं को हरी झंडी, रठौंडा मेला स्थल होगा भव्य**



शाह टाइम्स (कमाल)

**रामपुर।** रठौंडा में आयोजित किसान मेले के दौरान जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में विकास कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में लगभग 26 करोड़ रुपये की लागत से 171 निर्माण एवं विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। इन कार्यों में ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों के निर्माण, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनहित से जुड़े विभिन्न विकास कार्य शामिल हैं। बैठक में रठौंडा मेला स्थल को भव्य और आकर्षक स्वरूप देने के प्रस्ताव पर सहमति बनी। साथ ही रठौंडा क्षेत्र की दुकानों के सुंदरीकरण और क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर भी प्रस्ताव पारित किया गया। अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने कहा कि विकास कार्यों को गति देने के लिए आय के स्रोतों को मजबूत करना आवश्यक है। बोर्ड शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अंतर्गत ही धनराशि व्यय कर रहा है तथा लाइसेंस और टैक्स से प्राप्त आय से ही विकास कार्य संभव हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला पंचायत ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में पूर्व कार्यवाही की पुष्टि की गई तथा टैक्स वसूली बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। अवसर पर जिला पंचायत सदस्य इंतियाज हुसैन, चंद्रपाल हुसैन, अनवर उस्मानी, अमरजीत सिंह, खलील अंसारी, खालिद अहमद, रियासत अली, आरिफ अंसारी सहित करीब 20 सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला पंचायत के कार्याधिकारी एवं प्रभारी अपर विकास अधिकारी पंचायत चंद्रदीप ने किया। अभियंता मोहम्मद सज्जाद, अमर अभियंता भूपेंद्र कुमार तथा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक के अंत में विकास कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने का संकल्प दोहराया गया।

# फारूख हत्याकांड: एक आरोपी को हाईकोर्ट से अंतरिम अग्रिम जमानत

शाह टाइम्स (कमाल)

**रामपुर।** चर्चित फारूख हत्या कांड में नामजद एक आरोपी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से अंतरिम अग्रिम जमानत मिल गई है। न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ला की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी नीरज रस्तोगी को राहत प्रदान की। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रकरण वर्ष 2026 में थाना सिविल लाइंस, जनपद रामपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 0057/2026, धाराएं 103(1), 115(2), 352, 296, 61(2) बीएनएस 2023 के तहत पंजीकृत है। आरोपी की ओर से अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने कहा कि अगली तिथि तक यदि आवेदक की गिरफ्तारी होती है तो उसे व्यक्तिगत मुचलका और दो जमानतदार प्रस्तुत करने पर अंतरिम अग्रिम जमानत पर रिहा किया जाएगा। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि आरोपी साक्ष्यों से छेड़छाड़ नहीं करेगा, गवाहों को प्रभावित या भयभीत नहीं करेगा तथा न्यायालय की कार्यवाही में पूर्ण सहयोग करेगा। साथ ही बिना न्यायालय की अनुमति देश से बाहर जाने पर भी रोक लगाई गई है। मामले की अगली सुनवाई 24 फरवरी 2026 को निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि फारूख हत्या कांड को लेकर जनपद में काफी चर्चा रही है और पुलिस द्वारा विवेचना जारी है। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है।

# दिव्यांग कल्याण समिति ने गरीबों को वितरण किया लिहाफ

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** शनिवार को क्षेत्र ग्राम बिजारखाता दिव्यांग कल्याण समिति के कार्यालय पर एक मीटिंग का आयोजन किया जिसमें गरीब लोगों की समस्या एवं गरीबो आसहाय एवं दिव्यांग लोगों को लिहाफ वितरण कर वहीं क्षेत्र में गरीब आसाहाय लोगों की समस्या को लेकर जिला अध्यक्ष अफसर अली ने अपने कार्यालय दिव्यांग कल्याण समिति पर गरीब लोगों एवं दिव्यांग भाईयों को और दिव्यांग आशाऐं व्यक्तियों के लिए पेंशन आदि राशन कार्ड की व्यवस्था की मांग की।और किसी प्रकार की सरकारी सूचना से दिव्यांग भाई वंचित न रहें वही क्षेत्र में दिव्यांग कल्याण समिति के कार्य को देखकर दिव्यांग भाइयों में खुशी का माहौल है दिव्यांग कल्याण समिति जिला अध्यक्ष ने दिव्यांग भाइयों को लिहाफ वितरण किए जिन्हें पाकर दिव्यांगजन खुशी से झूम उठे। इस मौके पर जिलाअध्यक्ष अफसर अली, संगठन मंत्री लाल बाहशाह, जिला सचिव कय्यूम, मंत्री सुभान अली, उपसचिव रफी ,कोषध्यक्ष राकेश, जिला प्रवक्ता रवि कुमार, सलाहकार मुन्तियाज, सलाहकार इमरान, सलाहकार तस्कीन,और क्षेत्र के आदि दिव्यांग लोग एवं महिलाएं शामिल रही।



मसवासी में दिव्यांग जनों को लिहाफ वितरण करती दिव्यांग कल्याण समिति के पदाधिकारी

